लोक सभा अध्यक्ष ने जन्माष्टमी की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

...

नई दिल्ली, 18 अगस्त, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"श्री कृष्ण जनमाष्टमी की आप सभी को अनंत शुभकामनाएं। श्री कृष्ण भारतीय संस्कृति के वे अद्वितीय महानायक हैं जो हमें कर्म, न्याय और सत्य प्रधान जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उनके चरित्र की विलक्षणता हमारा पथ प्रदर्शित कर मानव सेवा को समर्पित रहने की प्रेरणा देती है।

मैं एक बार फिर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशवासियों को बधाई देता हूं। जय श्री कृष्ण।"